आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी का करेंगे भूमिपूजन।
- 55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज से गोवा में शुरू, भारत की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने वाला उद्घाटन समारोह जारी।
- प्रदेश की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतगणना तैयारियां अंतिम चरण में, 23 नवंबर को होगी मतगणना।
- मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर जिलों के लिए घने कोहरे का यलो अलर्ट किया जारी ।

उज्जैन मेडिसिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी का भूमिपूजन करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ अवधि में लगभग 15 करोड़ की आबादी उज्जैन में होगी। सामान्य समय में भी लगभग 5 से 7 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष उज्जैन आ रहे हैं। इसको देखते हुए मेडिसिटी का बनना उपयोगी और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा को समग्रता में देखते हुए नई अवधारणा पर कार्य हो रहा है। इसके चलते उज्जैन में बनने वाली मेडिसिटी में न केवल मेडिकल कॉलेज रहेगा अपितु नर्सिंग, पैरामेडिकल, अनुसंधान सुविधा, चिकित्सक-विशेषज्ञ और स्टॉफ के आवास सहित संपूर्ण व्यवस्था होगी।

इफ्फी

55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज से गोवा में शुरू हो गया है। उद्घाटन समारोह पणजी के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में जारी है। जिसमें बड़ी संख्या में कलाकार मौजूद हैं। उद्घाटन समारोह में देश की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने वाले कार्यक्रम हो रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मूक फिल्मों से लेकर आधुनिक फिल्मों तक भारतीय सिनेमा की यात्रा पर प्रकाश डाला गया।

मुख्यमंत्री गुजरात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के प्रवास पर थे। उन्होंने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- यानी गिफ्ट सिटी और सीएम डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिफ्ट सिटी भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने और नागरिक सुविधा व जनसामान्य के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि गुजरात सीएम डैशबोर्ड एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है।

यह राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं और प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन में सहायक है।

राज्य बजट

प्रदेश अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट की तैयारियां शुरू कर दी गई है। बजट को अधिक लोक कल्याणकारी बनाने के लिये आमजन के सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विकसित मध्यप्रदेश @2047 का विजन तैयार किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया जायेगा। बजट को और अधिक लोक कल्याणकारी स्वरूप देने के लिए MPMYGov पोर्टल पर सुझाव एवं मार्गदर्शन आमंत्रित किये गये हैं। सुझाव 15 जनवरी, 2025 तक लिये जायेंगे। सुझावों के साथ आम नागरिक अपना नाम, शहर, जिला, पिनकोड एवं मोबाइल नम्बर भी अंकित करे। प्रदेशवासी Toll free no.: 0755-2700800, इमेल आईडी budget.mp@mp.gov.in और वित् विभाग को डाक से पत्राचार कर के भी सुझाव दे सकते हैं।

पेपरलेस

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश की विधानसभा को मानसून सत्र, 2025 तक पेपरलेस किया जाए। इसके लिए विधानसभा में नेशनल ई-विधान परियोजना (नेवा) लागू की जाये। उन्होंने इस परियोजना के लागू होने से पहले विधानसभा सदस्यों को भी इसकी पर्याप्त जानकारी देने को भी निर्देश दिये हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर आज विधानसभा में नेवा हाउस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए MOU पर हस्ताक्षर किये हैं। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है।

**सर्वदलीय बैठक**

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले इस महीने की 24 तारीख को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा का सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग मांगेगी। संसद का शीतकालीन सत्र इस महीने की 25 तारीख से आरंभ होगा और 20 दिसम्बर तक चलेगा। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के उपलक्ष में संसद की कोई बैठक नहीं होगी।

**विधानसभा** चुनाव

झारखंड विधानसभा की दूसरे चरण की 38 सीटों और महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर आज शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। **महाराष्ट्र में शाम पांच बजे तक 58.22 प्रतिशत और झारखंड 67. 59 प्रतिशत मतदान हुआ** ।महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और चार राज्यों की 15 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव के लिए **आज मतदान हुआ। इन सभी सीटों पर 23 नवंबर को मतगणना होगी।**

**विधानसभा** मतगणना **तैयारियां**

प्रदेश की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसकों लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्योपुर जिले में विधानसभा क्षेत्र विजयपुर और सीहोर जिले की बुधनी सीट पर सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। चुनाव आयाेग द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतगणना के लिये सभी सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। विजयपुर विधानसभा की मतगणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, श्योपुर में होगी। इसके लिए 16 टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना 21 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी। बुधनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना शसकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में होगी। गणना के लिए 2 कक्षों में 14-14 टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना 13 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत प्राधिकार पत्र प्राप्त व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना सेंटर में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

निकाह विवाह

राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में गत 2 वर्षों में 75 हजार से अधिक बेटियों के विवाह के लिये 414 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गयी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण के आयुक्त डॉ. आर.आर. भोंसले ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह के लिये अप्रैल-2006 से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ की गयी थी। वर्तमान में योजना में एक विवाह/निकाह के लिये 55 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 62 हजार 84 विवाह कराये गये हैं। इसमें 341 करोड़ 46 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गयी।

मौसम

हिमालय क्षेत्र में हो रही बर्फबारी का असर अब प्रदेश में दिखाई दे रहा है। पचमढ़ी मे तापमान 7.8 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से नीचे पहुंच गए हैं। इस सर्दी का असर रेल यातायात पर देखा जा रहा है । मुरैना, ग्वालियर, भिंड सहित उत्तरी जिलों में आज सुबह से घना कोहरा देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर जिलों के लिए घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप

- राज्यपालएवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिन्दवाड़ा के कुलगुरू के पद पर प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी को नियुक्त किया है।
- राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का 76वां स्थापना दिवस पर कल भोपाल के शौर्य स्मारक कार्यक्रम का आयोजन होगा । स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।
- भारत की महिला हॉकी टीम ने चीन को हराकर आज एशिआई चैम्पिश्नशिप ट्राफी का खिताब जीत लिया है। भारत ने तीसरी बार ये खिताब अपने नाम किया है। फायनल बिहार के राजगीर के हॉकी स्टेडियम में खेला गया।
- रायसेन नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के जरिए ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें किसी कारणवश योजना अंतर्गत लाभ नहीं मिला है उन्हें योजना अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है।